# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{14 फाल्गुन, 1946 (श०)}}{\text{05 मार्च, 2025 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 127

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 53 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 15 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 30 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 08 |
| (7) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 03 |
| (8) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 05 |
| | | | कुल योग -- | 127 |

पथ का निर्माण

*173. श्री रामप्रवेश राय (बरौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बरौली प्रखंड के ग्राम-नेहरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से पश्चिम जाने वाली पथ एवं एन0एच0 27, देवापुर से उच्च विद्यालय होकर सारण बाँध के तरफ जाने वाली पथ अत्यन्त जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*174. श्री रामानुज प्रसाद (सोनपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत शाहपुर दियारा पंचायत के बल्ली टोला में गंगा नदी से भीषण कटाव जारी है, जिससे बसावट कटने के कगार पर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कटाव स्थल पर कबतक कटाव अवरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*175. श्री अजय कुमार (बिभुतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के बिभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत बेलसंडी तारा एवं चोचाही भरपुरा के सीमा पर अरूण रजक के घर से रामविलाश शर्मा के घर होते हुये बुधन सिंह के बोरिंग तक सड़क का निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*176. श्री प्रणव कुमार (मुंगेर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में गोगरी से हरिणमार-झौवा बहियार पथ निर्माण के समय बनाये गये पुल के लिये अधिकृत जमीन का मुआवजा सरकार के द्वारा किसानों को आजतक नहीं दिया गया है, जिसके कारण किसानों में उदासीनता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधिकृत जमीन का मुआवजा कबतक किसानों को देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*177. श्री मुकेश कुमार यादव (बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी ग्रामीण कार्य प्रमंडल अन्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी पंचायत मधुबन बसहा पूर्वी वार्ड नं0 14, एस0एच0 रोड पुपरी, सीतामढ़ी, गेनपुर चौक से गेनपुर टोला तक प्रखंड नानपुर पंचायत भदियन वार्ड नं0 5, ग्राम-छोटा भदियन से शाँति वन मंदिर तक की सड़क काफी खराब है तथा आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सम्पर्कता प्रदान करना

*178. श्री कुमार सर्वजीत (बोधगया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड गुम्मा से दादपुर अंशार नगर (चौधरी टोला) तक लम्बाई 1.25 किलो मीटर है जिससे कोई सम्पर्कता नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बसावट को सम्पर्कता प्रदान करने के लिये कबतक पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*179. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के कार्य प्रमंडल लेलहिया चौक से दरनियाँ हाट तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराते हुये उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*180. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत लखनपुर पंचायत में महानन्दा बाँध बैरिया ढाला पूरब से महानन्दा साधुबाबा घाट तक 1.5 किलो मीटर पक्की सड़क के निर्माण नहीं होने से पहाड़पुर, बैरिया, तैय्यबपुर, बेलगच्छी, जियामारी, भकुरिया गाँव के लगभग 10 हजार आबादी लाभान्वित नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बेडवार का निर्माण

*181. श्री शमीम अहमद (नरकटिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अन्तर्गत बूढ़ी गंडक नदी के तट पर कपरसंडी, मोखलिशपुर मध्य विद्यालय, सिसवनिया, सिसवनिया-गोबरी सड़क, जटवा कब्रिस्तान, जटवा-जनरेवा सड़क, महम्मदपुर, सुन्दरपुर मस्जिद, सुन्दरपुर पकड़िया टोला, जनेरवा प0 हरिजन टोली तथा खैरी गाँव बसा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित गाँव बाढ़ के समय में तीन माह तक जलमग्न रहता है, जिससे कटाव होते रहता है, फलस्वरूप गाँवों का अस्तित्व खतरे में पड़ते जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर नदी के कटाव को रोकने हेतु बेडवार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल निर्माण कराना

*182. श्री फते बहादुर सिंह (डेहरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी प्रखंड के ग्राम-देवरिया में सोन पश्चिमी उच्चस्तरीय आर0 डी0 नं0-24.3 पर जो पुल बना है, वह वर्षों पुराना होने के कारण जर्जर एवं संकीर्ण है जिससे आमलोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के स्थान पर कबतक एक नया एवं चौड़ा पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाले का निर्माण

*183. श्री अशोक कुमार चौधरी (सकरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कांटी प्रखंड के बैरिया गोलम्बर से पुरानी मोतिहारी रोड तक लगभग 1 किलो मीटर में सड़क के दोनों किनारे नाला का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाले को बूढ़ी गंडक नदी तक नहीं जोड़े जाने से नाला का पानी सड़क पर ही जमा होता है जिससे बरसात के दिनों में लोगों के घरों में पानी घुस जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे नाले का निर्माण बूढ़ी गंडक नदी तक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क निर्माण

*184. श्री रामवली सिंह यादव (घोसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के हुलासगंज प्रखंड अन्तर्गत रघुनाथपुर से तीर्रा जाने वाली सड़क में रूपा बिगहा गाँव से डिहूरी गाँव तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलों का निर्माण

*185. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (नबीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद ग्रामीण कार्य प्रमंडल के अधीन नबीनगर प्रखंड अन्तर्गत पुनपुन नदी के ऊपर बड़वान गाँव के समीप तथा बारूण प्रखंड अन्तर्गत मुन्सी बिगहा में बटाने नदी पर पुल नहीं रहने से क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, जिसके कारण उनमें काफी असंतोष है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुलों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*186. श्री दिलीप राय (सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुरसंड प्रखंड के कड़वाना पंचायत में ग्राम-कड़वाना गोट में मुख्यमंत्री सड़क से राम स्वरूप राय के मन से गोबरहिया पुल के नजदीक तक का सड़क का पीच क्षतिग्रस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कालीकरण का निर्माण कार्य कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*187. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत रक्सौल प्रखंड के गम्हरिया नहर चौक से पुरन्दरा SSB कैम्प तक की सड़क निर्माण नहीं होने से आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*188. श्री शकील अहमद खाँ (कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डण्डखोरा प्रखंड में राजा दिग्घी से रेलवे स्टेशन, डण्डखोरा तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*189. श्रीमती गायत्री देवी (परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत सरदल पट्टी के ब्रह्मण टोला जाने वाली सड़क कच्ची है, इस टोला में (150) डेढ़ सौ से अधिक की आबादी निवास करती है, एवं नई बसावट है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल की निकासी

*190. श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी विधान सभा क्षेत्र के सिमरी पंचायत के दुबियाही गांव से दक्षिण किसानों की 1500 एकड़ जमीन में सालों भर जल-जमाव रहता है, जिसके कारण कोई फसल नहीं हो पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिमरी गांव से सटे नहर में उक्त वर्णित क्षेत्र के जमे पानी की निकासी की व्यवस्था हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा पिछले पांच वर्षों से विभाग से अनुरोध किया जा रहा है परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त जल-जमाव की निकासी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*191. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (आरा)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 को प्रकाशित शीर्षक "जल-जीवन हरियाली के 213 योजना 5 साल में भी अधूरी" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में जल-जीवन हरियाली योजना के तहत 213 योजनाओं अधूरी रह गयी जबकि उक्त योजनाओं का पूरा करने की अवधि 31 मार्च, 2025 तक ही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अधूरी पड़ी 213 योजनाओं को पूरा करने एवं देरी हेतु जिम्मेदार दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव निरोधी कार्य

*192. श्री नरेंद्र कुमार नीरज (गोपालपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड रंगराचौक के तिनटंगा दियारा में विगत वर्ष गंगा नदी में आई बाढ़ से भारी कटाव हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा बाढ़ समाप्ति के उपरांत कटावरोधी कार्य किया गया था, फिर भी कटाव नहीं रूक सका है, जिसके कारण आम ग्रामीणों में दहशत का महौल है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर कटाव से बचाव हेतु कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*193. श्री कुंदन कुमार (बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर पी0 डब्लू0 डी0 पथ से बेगूसराय प्रखण्ड के कोरिया गांव तक जाने वाली सड़क जिसकी दूरी लगभग 5 कि0 मी0 है जो अत्यंत जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय कार्यपालक अभियंता के द्वारा भी कई बार उक्त सड़क का निर्माण कराने के लिये अनुशंसा मुख्यालय भेजा गया परन्तु आजतक उक्त सड़क का प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं होने से सड़क का निर्माण कार्य लंबित है जिससे राहगीरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभाग द्वारा आवंटित राशि के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं कराने की जांच कराते हुए उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव दूर करना

*194. श्री बिजय सिंह (बरारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार पथ प्रमंडल अन्तर्गत एस0 एच0-77 नरहैया से शरीफगंज पथ में जल-जमाव वाले स्थलों का पुनरीक्षण प्राक्कलन विभाग को दो वर्ष पूर्व समर्पित करने के बावजूद विभाग द्वारा इसकी स्वीकृति नहीं देने के कारण जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ में जल-जमाव को कबतक दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नए पौधे लगाना

*195. श्री संजय सरावगी (दरभंगा)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''मनरेगा से लगाए गए थे 3.40 लाख पौधे, 77000 से अधिक सूख गए'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनरेगा से लगाए गए 3.40 लाख पौधे में से 77 हजार से अधिक पौधे सूख गए ;

(2) क्या यह बात सही है कि केवल दरभंगा जिला की यह स्थिति है तो राज्य के अन्य जिलों में कितने पौधे सूख गए और अभी कितने शेष जीवित है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित शेष जीवित पौधों का संरक्षण एवं सूखे पौधे के स्थान पर नये पौधे लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्लुईस गेट का निर्माण

*196. श्री संजीव कुमार (परबत्ता)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलांतर्गत परबत्ता प्रखंड के देवठा फैंकात पंचायत स्थित बदला नगरपाड़ा बांध पर मिरकेल में अतिरिक्त स्लुईस गेट के निर्माण कि तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पहले के स्लुईस गेट के डाउन स्ट्रीम में गाद जमा होने के कारण पानी नहीं जा पाता है, जिसके कारण हजारों बीघा खेती योग्य जमीन में पानी जमा रहने से किसान खेती नहीं कर पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त तकनीकी स्वीकृति प्राप्त स्लुईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क पक्कीकरण कराना

*197. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (पिपरा, पूर्वी चंपारण)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चकिया प्रखंड अंतर्गत गौरे में रामबहादुर प्रसाद के ईंट चिमनी से चकनिया जाने वाली पथ कच्ची है जिससे आमजनों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना पूर्ण करना

*198. श्री अजय कुमार सिंह (जमालपुर, मुंगेर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत धरहरा प्रखंड में सतघरवा जलाशय के लिए झरना के पानी को जलाशय में लाने के लिए वर्ष 2022-2023 में योजना स्वीकृत किया गया था परंतु यह स्वीकृत योजना अबतक पूर्ण नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वीकृत योजना को पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कराना

*199. श्री अवध बिहारी चौधरी (सिवान)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के सभी सरकारी भवनों को मरम्मती के नाम पर करोड़ों रुपये प्रतिवर्ष खर्च होते हैं परंतु आज भी सिवान जिला मुख्यालय के सभी सरकारी भवनों की स्थिति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन मरम्मती का कार्य प्राक्कलन के मुताबिक नहीं कराकर विपत्र का भुगतान करा लिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसी निष्पक्ष एजेंसी से किये गये कार्यों की जांच कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अंडरपास का निर्माण

*200. श्री अजीत शर्मा (भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सबौर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में दो परिसरों को जोड़ने के लिए अंडरपास के निर्माण का कार्य रेलवे द्वारा एन0 ओ0 सी0 निर्गत नहीं करने की वजह से बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एन0ओ0सी0 प्राप्त कर उक्त कार्य को कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*201. श्री विनय कुमार (गुरुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड के घटेरा पंचायत के ग्राम-घटेरा महादलित अंबेदकर टोला में पक्की सड़क नहीं रहने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित टोला के सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं पुलिया का निर्माण

*202. श्री छत्रपति यादव (खगड़िया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री सड़क वरखंडी टोला से चम्मन टोला होते हुये मुंगेर पथ को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण आजादी से अभीतक नहीं हो सका है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण हेतु ग्रामीण कार्य विभाग, खगड़िया एवं बलिया (बेगूसराय) में समन्वय स्थापित कराकर सड़क पुल-पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*203. श्री चन्द्रहास चौपाल (सिंहेश्वर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मौरा झरकाहा, वार्ड नं० 18 में महादेव यादव के घर से भाया जनदिन यादव घर, मुर्गी फार्म होते हुये बथान परसा वार्ड नं०-1 के पास जगमोहन यादव के घर तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का चौड़ीकरण

*204. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (बैकुंठपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला गोपालगंज अन्तर्गत एन०एच० 90 मोहम्मदपुर से लखनपुर गोलम्बर तक जो एन०एच० 227ए से जुड़ती है, उक्त पथ संकीर्ण होने के कारण प्रतिदिन यू०पी० सहित अन्य प्रदेशों से आने-जाने वाले मालवाहक वाहन एवं छोटी वाहनों से रोड में दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*205. श्री राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालन्दा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र में पैमार नदी के माली साड़ से जैतीपुर तक नहर से सिंचाई कार्य एवं नहर के दोनों छोर से यातायात हुआ करता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि माली साड़ से जैतीपुर तक नहर के दोनों तटबंध कच्ची एवं जीर्ण-शीर्ण होने के कारण सिंचाई कार्य के साथ यातायात में ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर को पक्कीकरण करने के साथ नहर के तटबंधों को चौड़ीकरण कर सड़क बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*206. श्री अमरजीत कुशवाहा (जीरादेई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखंड के सुमेरपुर रेलवे अन्डर पासिंग से नहर किनारे रामगढ़ तक सड़क जर्जर स्थिति में होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का सफाई

*207. श्री राम सिंह (बगहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत बगहा-1 प्रखंड में सियाराहा नाला का सफाई नहीं होने के कारण टेसरहिया बथुवड़ीया, बिबी बनकटवा, लगुनाहा चौतरवा आदि पंचायतों के सियाराहा नाला से चौबरिया चंवर होते हुये टेसरहिया बथुवड़ीया तक जल-जमाव होता है जिसके कारण उक्त पंचायतों के लगभग 4 हजार एकड़ कृषि योग्य भूमि में कृषि नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाला की सफाई कराते हुये चंवर को जल-जमाव की समस्या से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रजवाहा का पक्कीकरण

*208. श्री महा नंद सिंह (अरवल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना मुख्य सोन नहर के शमशेर नगर (दाउदनगर) से निकलने वाला रजवाहा अमरा व सैदपुर में 180 क्यूसेक पानी क्षमता के विरुद्ध महज 140 क्यूसेक पानी छोड़ने पर ही शमशेर नगर से 2 किलो मीटर तक नहर का एक किनारा टूट जाता है जिसके कारण सैदपुर अमरा रजवाहा में अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार सैदपुर/अमरा रजवाहा के कमजोर किनारा यानी दो किलो मीटर तक को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आई०टी०आई० खोलना

*209. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (पातेपुर)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सबसे बड़ा प्रखंड पातेपुर अनुमंडल के महुआ में आई०टी०आई० कॉलेज नहीं होने के कारण छात्र/छात्राओं को तकनीकी शिक्षा हेतु मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर या अन्य जिले में जाना पड़ता है, जिसके कारण इन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में कबतक आई०टी०आई० कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*210. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (कुचायकोट)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट के पंचायत राज उचका गांव के ग्राम-दुबे खरैया में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन अबतक निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अमृत सरोवर में चयन

*211. श्रीमती मीना कुमारी (बाबूबरही)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के बाबूबरही प्रखंड के कुल्हड़िया पंचायत के कुल्हड़िया ग्राम में वार्ड-08 एवं वार्ड-09 में दिधीया तालाब अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल्हड़िया पंचायत में खाता संख्या-396, खेसरा 1205, रकबा 11 बिगहा 11 कट्ठा एवं 8 धुर सरकारी जमीन उपलब्ध है, साथ ही उक्त तालाब को अमृत सरोवर के प्रक्रिया की सारी अर्हता को पूर्ण करता है परन्तु आजतक उक्त तालाब को अमृत सरोवर में चयन नहीं किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा सभी ग्रामीण जिलों में कम-से-कम 75 अमृत सरोवर निर्माण करने का लक्ष्य है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुल्हड़िया पंचायत के कुल्हड़िया ग्राम में वार्ड-08 एवं वार्ड-09 में दिधीया तालाब को अमृत सरोवर में चयन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जाँच एवं कार्रवाई करना

*212. श्री अरूण शंकर प्रसाद (खजौली)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 नवम्बर, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''64 करोड़ की हरियाली जमीन पर नहीं अफसरों की जेब में'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले में वित्तीय वर्ष 2021-22 में चार लाख 60 हजार, वर्ष 2022-23 में 5 लाख 52 हजार एवं 2023-24 में 5 लाख 6 हजार कुल 15 लाख 18 हजार मनरेगा योजना से पौधा-रोपण किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि मनरेगा योजना से एक पौधे के लगाने से लेकर सुरक्षा तक में 415 रुपये से लेकर 435 रुपये तक खर्च किये जाते हैं, इस हिसाब से तीन साल में पौधे लगाने में 64 करोड़ रुपये खर्च किये गये, परंतु एक भी पौधा जीवित नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस योजना से लगाये गये पौधों में करोड़ों रुपये की अनियमितता की जाँच कराकर दोषी लोगों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

------------

पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

*213. श्री तारकिशोर प्रसाद (कटिहार)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार विधान सभा क्षेत्र के कटिहार सदर एवं हसनगंज प्रखंड में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं रहने के कारण विभागीय कार्यक्रमों का कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में कबतक श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी की नियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*214. श्रीमती मंजु अग्रवाल (शेरघाटी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड आमस के ग्राम पंचायत कलवन के ग्राम-करमाईन में चहका से बड़ा पुल पईन तक एवं ग्राम-कलवन में देवी स्थान से इमलिया कुआं तक नाला नहीं रहने से अधिकांशतः घरों का अपशिष्ट जल के साथ-साथ वर्षा जल का जमाव सड़कों पर रहने से ग्रामीणों को असुविधा होती है;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर नाला का निर्माण करवाने का विचार करती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*215. श्रीमती भागीरथी देवी (रामनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंड अंतर्गत पिपरा चौक (वंशपुर) से ग्राम-असुरारी तक जानेवाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*216. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (राजा पाकर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल पटना के पत्रांक 1106, दिनांक 23 अक्तूबर, 2024 द्वारा एम0एम0जी0एस0वाई-एन0डी0बी0 (अवशेष) योजना के तहत सतीश सिंह के मकान से एन० एच० 83 वाया महेंद्र सिंह के घर तक कुल लंबाई 1.475 किमी जिसकी प्राक्कलित राशि 165.320 लाख रुपया की तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार को भेजा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण नहीं होने से नजदीकी टोलों एवं बसवाटों को यातायात में भारी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डी0पी0आर0 पर तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति के साथ सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-------------

बाढ़ रोधक कार्य

*217. श्री आफाक आलम (कसबा, पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत केनगर प्रखंड के बेलारिकाब गंज पंचायत के जोका गाँव में सोदा नदी से प्रति-वर्ष कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव के कटाव रोकने हेतु कबतक बाढ़ रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*218. श्री अजय यादव (अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड मोहड़ा के ग्राम पंचायत दरियापुर में ग्राम-करमचक टोला लंका जलालपुर का महादलित टोला है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के महादलित टोला में आजादी से आज-तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे महादलित टोला के लोगों के आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोला में सड़क निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*219. श्री सतीश कुमार (मखदुमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर विधान सभा के बन्देया नसरतपुर ग्राम के बीच दरधा नदी पर पुल के निर्माण नहीं रहने के कारण ग्राम-किशुनपुर, महमतपुर, सेवती, सुकनाबिगहा, नौगढ़ सहित दर्जन गाँवों के ग्रामीणों को आवागमन में काफी दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-बन्देया-नसरतपुर के बीच दरधा नदी पर पुल का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पीपा पुल का निर्माण

*220. श्री नारायण प्रसाद (नौतन)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखंड के आसाराम पटखौली के सामने गंडक नदी पर पीपा पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार बैरिया अंचल के आसाराम पटखौली के सामने पीपा पुल कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आवास का निर्माण

*221. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (दरौंदा)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा एवं सिसवन ब्लॉक-सह-अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवास नहीं होने से उन्हें कार्यस्थल से दूर सिवान में किराये के मकान में रहना पड़ता है जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित ब्लॉक के परिसर या आसपास सरकारी जमीन उपलब्ध है जिसपर आवास निर्माण किया जा सकता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित ब्लॉक-सह-अंचल कार्यालय के नजदीक पदाधिकारियों/कर्मचारियों हेतु आवास निर्माण कराने का विचार रखती हैं, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

शुद्ध पेयजल उपलब्ध करना

*222. श्री छोटे लाल राय (परसा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दरियापुर प्रखंड अंतर्गत बारवे पंचायत के वार्ड 2 वार्ड 4, वार्ड 6, वार्ड 11 एवं वार्ड 14, 15 में जलमीनार का निर्माण हर घर जल का नल मुहैया कराने के उद्देश्य से किया गया है किंतु पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि एक-एक गाँव में से तीन पाइप लाइन का भी निर्माण किया गया है जो मानक के अनुरूप तीन फीट जमीन के अंदर नहीं है तथा चेकभल्व एवं गेटवल्व नहीं लगाया गया है, जबकि राशि की निकासी कर ली गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने के साथ आमलोगों के घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियुक्ति कराना

*223. श्री मुकेश कुमार रौशन (महुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि संयुक्त अभियंत्रण प्रतियोगिता परीक्षा बिहार लोक सेवा आयोग के कराते हुए सहायक अभियंता के पद पर नियुक्ति का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक पद रिक्त रहने के उपरांत भी सहायक अभियंता विद्युत/असैनिक/यांत्रिक/डेयरी पर्यावरण विज्ञान का विज्ञापन संयुक्त रूप से बिहार लोक सेवा आयोग से विज्ञापित नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 2017 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक रिक्त पदों की अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजते हुए रिक्त पदों पर संयुक्त अभियंत्रण प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*224. श्री अखतरूल ईमान (अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बायसी के अधीन बैसा प्रखंड में मुख्यमंत्री सड़क हरना से फुलेसरी जानेवाली सड़क के फुलेसरी धार पर पुल का निर्माण नहीं होने से हर वर्ष बाढ़ में सड़क टूट जाती है जिस कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त धार पर पुल का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव रोधी कार्य

*225. श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड में कोसी नदी के किनारे स्थित कहारपुर गाँव नदी के कटाव से धीरे-धीरे नदी में विलिन हो रहा है, जिसमे गाँव के उच्च विद्यालय एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र कोसी नदी में विलिन हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव को कोसी नदी के कटाव से बचाने के लिए कबतक कटाव रोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की सफाई

*226. श्री विशुन सिंह (जगदीशपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियां, कटैया, लहठान एवं सिकरीया राजवाहा में नहरों की सफाई नहीं होने के कारण एवं 300 क्यूसेक पानी की जगह मात्र 150-क्यूसेक पानी आने के कारण अंतिम छोर के किसानों को ससमय पानी नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर की सफाई कराकर नहर के अंतिम छोर के किसानों के खेतों तक पानी पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्लूईस गेट का निर्माण

*227. श्री मुरारी मोहन झा (केवटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंघवाडा प्रखंड के कलिगांव पंचायत अंतर्गत ग्राम-गगौल के वार्ड सं० 13 में क्षतिग्रस्त पुल के पास स्लूईस गेट का निर्माण नहीं होने से 5000 एकड़ जमीन बाढ़ से प्रभावित हो जाता है जिसके कारण किसानों का फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक स्लूईस गेट का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सार्वजनिक शौचालय का निर्माण

*228. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकटा प्रखंड के वैशखवा सिकटा बाजार और मैनाटांड़ प्रखंड के मैनाटांड़ और इनरवा बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से आमजनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिकटा, मैनाटांड़ जैसे छोटे बाजारों, चौक चौराहों पर कूड़ा-कचरा हटाने और सफाई की कोई नियमित व्यवस्था नहीं है, जिससे गंदगी का अम्बार लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण बाजारों में शौचालय और सफाई सम्बन्धी समस्या का समाधान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रबर डैम की सफाई

*229. श्री बीरेन्द्र सिंह (वजीरगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गया शहर के फल्गु नदी में रबर डैम का निर्माण किया गया है जिसमें वर्तमान में साफ-सफाई नहीं होने एवं जल-जमाव के कारण पानी सड़ रहा है एवं डैम के आस-पास के लोगों के लिये कई बीमारियों जैसे डेंगू महामारी का कारण बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त डैम की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*230. श्री सुर्यकान्त पासवान (बखरी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहां पंचायत सरकार भवन वर्षों पूर्व बनकर तैयार हो चुका है, वहां पंचायत सचिव सहित अन्य सरकारी कर्मचारी लगातार अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचायत सरकार भवन में सभी कर्मचारियों की प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित करना चाहती है ?

तटबंध पर सड़क का निर्माण

*231. श्री राम नारायण मंडल (बाँका)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला जिलान्तर्गत बांका प्रखंड के जितारपुर, महेशाडीह, लकड़ीकोला एवं इसके आस-पास के गांव चांदन नदी के किनारे बसा है एवं चांदन सुरक्षा तटबंध का उपयोग इस क्षेत्र के आमजन आवागमन हेतु करते हैं जिसके कच्ची होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन में आमजनों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चांदन सुरक्षा तटबंध पर पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तटबंध का सुदृढ़ीकरण

*232. श्री प्रमोद कुमार (मोतिहारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी जिलान्तर्गत मोतिहारी प्रखंड के शिकरहन बूढ़ी गंडक के कटाव से मधुबनी घाट गोसई टोला, वरदाहर बंगाली टोला, हराज यादव टोला, थरथटवा सहनी टोला, रामगढ़वा कठहां आदि गाँव नदी में कटते जा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों के बसावटों के बचाव हेतु कबतक तटबन्धों के सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आपूर्ति की व्यवस्था कराना

*233. श्री नेहालउद्दीन (रफीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड मदनपुर के ग्राम पंचायत दधपी के कोसडिहरा, रसलपुर, खेसर, सुकन विगहा, बहलोला, इत्यादि ग्राम में सिंचाई हेतु पानी का साधन नहीं रहने से किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई होती है एवं मवेशियों को भी पीने का पानी नहीं उपलब्ध हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के तालाब बिल्कुल सुखा पड़ा है एवं भू-जल स्तार काफी नीचे चला गया है जिससे पेयजल की विकट समस्या उत्पन्न हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायत दधपी के उपरोक्त ग्रामों में कबतक सिंचाई हेतु पानी आपूर्ति करने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रावधानित लाभ प्रदान कराना

*234. श्री सत्यदेव राम(दरौली)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या 12534, दिनांक 17 सितम्बर, 2018 तथा संकल्प संख्या 1003, दिनांक 21 जनवरी, 2021 के द्वारा संवदि कर्मियों की सेवा निवृत्ति की आयु सीमा 60 वर्ष, मानदेय वृद्धि EPF की सुविधा, अनुमान्य अवकाश यथा आकस्मिक अवकाश, उपार्जित अवकाश, मातृत्व अवकाश, पितृत्व अवकाश, अवैतनिक अवकाश देने के प्रावधान रहने के बाजूद पंचायती राज विभाग के लेखापाल-सह-आई०टी० सहायक को निर्गत ये सुविधायें नहीं दी जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार प्रावधानित लाभ पंचायती राज विभाग के लेखापाल-सह-आई०टी० सहायक को कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*235. श्री विजय कुमार (शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत महसार से बाउघाट पथ से भदौंस टोला होते हुये पानापुर के मुड़कटवा होकर तेलिया खाड़ हरूहर नदी तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क कच्ची रहने के कारण लगभग सात गांव की घनी आबादी (उदाहरणस्वरूप ग्राम-पानापुर, भदौंस) वाले एवं क्षेत्र के कृषकों को खेती करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक 121/2024, दिनांक 30 अगस्त, 2024 को विभागीय मंत्री, विभागीय अपर मुख्य सचिव एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, शेखपुरा को पत्र देने का बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रिंग बांध का निर्माण

*236. श्री ललित नारायण मंडल (सुल्तानगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के शाहकुण्ड प्रखंड के पैठमनियाँ मास, खुलनी, खैरा, चन्द्रमानपुर, हारपुर बेलथु इत्यादि गाँव हर बार गंगा के बाढ़ से अतिप्रभावित होता है जिससे फसल एवं जान-माल की क्षति होती है तथा सरकार को अनुदान के रूप में बहुत खर्च पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में महतो थान से पैठमनियाँ माल खुलनी खैरा होते हुये चंद्रमानपुर गाँव तक रिंग बांध का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त रिंग बांध को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*237. श्री आबिदुर रहमान (अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अंतर्गत बौची पंचायत के जिलेबी चौक से चरानी जाने वाली पथ में पुल एवं कुर्साकांटा पी०डब्लू०डी० सड़क से मनदनपुर जाने वाली सड़क में बोची मरना टोला में मरिया धार पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन के लिये एकमात्र सहारा नाव ही है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कलभर्ट का निर्माण

*238. श्री अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत परिहारी के वार्ड नं०-1 में स्थित खजुरी वितरणी नहर के आर०डी०-12 के पास कलभर्ट नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक कलर्भट निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनवाना

*239. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (बैसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बायसी प्रखंड के खुटिया पंचायत खुटिया एवं आसजा मोबैया पंचायत के सोती टोला मधुरापुर ग्राम एवं मीनापुर पंचायत के गोटफोर ग्राम प्रखंड मुख्यालय बायसी जाने वाली मुख्य सड़क में पुल नहीं बना है इस पुल के अभाव के कारण लाखों ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है तथा ग्रामीणों द्वारा पुल बनाने की लगातार मांग की जाती रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा का भुगतान

*240. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (नाथनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, कटिहार के पत्रांक 3511, दिनांक 7 नवम्बर, 2003 के आलोक में विभाग के अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना के पत्रांक 387, दिनांक 1 दिसम्बर, 2023 द्वारा भागलपुर के साथ बांका को भी जोड़ दिये जाने के कारण चांदन तटबंध के निर्माण हेतु 2012 में बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, भागलपुर के अंतर्गत अधिगृहीत जमीन का मुआवजा भागलपुर के किसानों को आजतक नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्तमान दर पर अधिगृहीत भूमि का मुआवजा भागलपुर के किसानों को देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

एप्रोच पथ का निर्माण

*241. श्री अरूण सिंह (काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213, काराकाट विधान सभा के प्रखंड काराकाट में करूप बेलवाई पथ में डुमरावँ नहर पर सखवा पुल का निर्माण कार्य कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के निर्माण कार्य कराने के उपरांत एप्रोच पथ का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, केवल मिट्टी भराई कार्य कराकर आवागमन चालू कर दिया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में मिट्टी के फिसलन से वाहन आदि के परिचालन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है तथा आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल स्थित एप्रोच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अनुदान का भुगतान

*242. श्री राजेश कुमार सिंह (हथुआ)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अंतर्गत बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के अधीन स्वाभाविक एवं दुर्घटना मृत्यु के मामले से संबंधित दावा अभिलेख भुगतान का मामला लंबित है, यथा समस्तीपुर जिलान्तर्गत 137, मोहिउद्दीननगर विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड मोहिउद्दीननगर, मोहनपुर एवं पटोरी से संबंधित सैकड़ों दावा अभिलेख भुगतान हेतु प्रखंड एवं जिला स्तरीय कार्यालय में विगत 3-4 वर्षों से लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) से संबंधित भुगतान हेतु जिले को पर्याप्त आवंटन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लंबित मामलों के दावा अनुदान की राशि के भुगतान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*243. श्री मनोज यादव (बेलहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला पदाधिकारी आवास से बेलहर प्रखंड के साहेबगंज बाजार तक एक वर्ष पूर्व 30 करोड़ 30 लाख लागत से सड़क का निर्माण कार्य किया गया है, जो प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण जगह-जगह टूट गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क निर्माण में बरती गई अनियमितता की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों एवं संवेदक पर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मार्गदर्शिका में संशोधन करना

*244. श्री जिवेश कुमार (जाले)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय संकल्प संख्या 2905, दिनांक 11 जुलाई, 2014 द्वारा प्रचलित मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की संशोधित मार्गदर्शिका, 2014 में समय-समय पर योजनाओं की अनुमान्य योजना सूची में सम्मिलित किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मार्गदर्शिका में श्मशान घेराबंदी योजना सम्मिलित नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बिहार विधान मंडल के सदस्यों से श्मशान घेराबंदी योजना की प्राय: डिमाण्ड रहता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त मार्गदर्शिका में संशोधित कर श्मशान घेराबंदी योजना को सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*245. श्री राजवंशी महतो (चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के 141 चेरिया बरियारपुर विधान सभा में बुढ़ी गड़क नदी के बाँध पर रोसड़ा गुमटी से फफौत पुल तक तटबंध का कालीकरण हो चुका है, पर फफौत से शिवरी एवं शिवरी से पहसारा तक 25 किलो मीटर सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिस कारण फफौत, तारा, मटिहानी, मालपुर, मेघौल विजुलिया, आकोपुर इत्यादि ग्राम के लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के बनने से एस0एच0 55 के रोसरा बाईपास बन जायेगा तथा मुख्य मार्ग पर वाहनों का लोड कम हो जायेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*246. श्री रामप्रवेश राय (बरौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में पक्की सड़कों से अनजुड़े टोलों एवं गाँवों को मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना अन्तर्गत पक्की सड़कों से जोड़ने की योजना चलाई जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरौली प्रखंड अन्तर्गत नेउरी पुरब टोला सत्येन्द्र सिंह के घर से मांझी-सरफरा पथ एवं बरौली प्रखंड अन्तर्गत विशेषपुर वार्ड संख्या 12 से भगवतीपुर होकर पिपरहियां-मोगलबिरैचा पीच रोड में मिलने वाली पथ कच्ची एवं ईंटीकरण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का पक्कीकरण एवं कालीकरण मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना अन्तर्गत कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*247. श्री रामानुज प्रसाद (सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत सबलपुर पूर्वी पंचायत के हस्तीटोला जगन्नाथ मंदिर से नवल टोला नूनू राय के घर के सामने चौराहा तक एवं खरीका पंचायत के खरीका बाजार से हरिहरनाथ पहलेजा पी0डब्लू0डी0 पथ पारकर बड़का बगीचा तक सड़क जर्जर एवं कच्ची रहने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के दिनों में राहगीरों को पैदल चलना भी दूभर हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्कता प्रदान करना

*248. श्री अजय कुमार (बिभुतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के बिभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत टभका के वार्ड संख्या 04 स्थित महादलित टोला से मुख्य सड़क तक सम्पर्क पथ नहीं होने से लोगों को पगडंडी से आना-जाना पड़ता है जिससे आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित टोला से मुख्य सड़क तक सम्पर्क पथ का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौंदर्यीकरण करना

*249. श्री प्रणव कुमार (मुंगेर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदर प्रखंड अन्तर्गत नौवागढी दक्षिणी पंचायत के बजरंगबली नगर स्थित पोखर जहाँ पंचायत के लोग छठ के समय में पूजा करते हैं और यहाँ समूचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तालाब का सौंदर्यीकरण कर लोगों को समुचित व्यवस्था देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों, नहीं ?

--------

पुल का निर्माण

*250. श्री कुमार सर्वजीत (बोधगया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के तरमा-मेयारी रोड में ढाढ़र नदी पर पूर्व से निर्मित जर्जर पुल दोनों तरफ रेलिंग नहीं होने के कारण आये दिन रात्रि के समय टेम्पों, मोटर साइकिल एवं साइकिल यात्री पुल के नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं और कइयों की जान भी जा चुकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पुल के स्थान पर कबतक नये पुल के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*251. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड स्थित ए0 वन पेट्रॉल पम्प से मास्टर कादिर के घर जाने वाली सड़क कच्ची है, जिससे बरसात के दिनों में ग्रामवासियों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*252. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (मनिहारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत बैदा पंचायत में भरतकोल वार्ड संख्या 14 में तारिकुल के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भरतकोल होते हुये जमीरूल के खेत तक पक्की सड़क के अभाव में छात्र-छात्राओं को विद्यालय जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*253. श्री शमीम अहमद (नरकटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल ढाका के अधीन बनकटवा प्रखंड के घोड़ासहन वृता चौक से जगीरहाँ जाने वाली सड़क अरूण नदी पर पुल एवं भवानीपुर से बनकटवा जाने वाली सड़क में जमुनी नदी पर पुल जर्जर अवस्था में है, उक्त दोनों पुल जिला मुख्यालय एवं दो प्रखंड को जोड़ती है जिससे सड़क पर आवागमन अत्यधिक रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थलों पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचॉर रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आहर का जीर्णोद्धार

*254. श्री फते बहादुर सिंह (डेहरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी प्रखंड के पतपुरा पंचायत के ग्राम-भड़कुडिया में उत्तर कोन्हर आहर जिसका खाता संख्या 165, 166, खेसरा संख्या 250, 296, मौजा-भड़कुडिया में आहर का मेंटेनेंस नहीं होने के कारण विलुप्त होने की स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आहर का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नदी की सफाई

*255. श्री अशोक कुमार चौधरी (सकरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा प्रखंड के कदाने नदी में भारी संख्या में जलकुम्भी उग जाने के कारण नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी को कबतक जलकुम्भी से मुक्त कराकर उसका अस्तित्व बरकरार रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*256. श्री रामबली सिंह यादव (घोसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड अन्तर्गत सैदाबाद पंचायत में अवस्थित वास्तु बिहार में निवास कर रहे परिवारों को आने-जाने के लिये कोई सड़क नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*257. श्री दिलीप राय (सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुरसंड प्रखंड के कड़वाना पंचायत में एन0 एच0 277 से जमुरा नदी के पश्चिमी छड़की पर कड़वाना कोरियाही होते हुये बंगराहा पुल तक लगभग 3 किलो मीटर सड़क का पीच क्षतिग्रस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कालीकरण का निर्माण कार्य कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*258. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के आदापुर प्रखंडान्तर्गत धोड़ासहन केनाल से चिलझपटी, माधी, बरवा, कचोरवा आदि ग्राम होते हुये विशुनपुरवा मुख्य मार्ग तक सड़क पक्कीकरण नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास का निर्माण

*259. श्री शकील अहमद खाँ (कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड मुख्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों के आवासन हेतु आवास नहीं है जिससे उक्त पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवासन करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड मुख्यालय में पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिये आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*260. श्रीमती गायत्री देवी (परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत घनहा पंचायत के डाम्ही से साहु टोला जाने वाली सड़क कच्ची है, इस टोला में 250 से अधिक जनसंख्या वास करती है, जो अभीतक पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने से मुख्य सड़क से नहीं जुड़ा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार डाम्ही से साहु टोला तक पक्की सड़क कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*261. श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार को अपने पत्रांक 803, दिनांक 12 दिसम्बर, 2024 द्वारा मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखंड के अन्तर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कुल 22 सड़कों के निर्माण हेतु अनुशंसा की गई परन्तु अभीतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनुशंसित पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रखंड का निर्माण

*262. श्री नरेंद्र कुमार नीरज (गोपालपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रखंडों एवं पंचायतों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए राज्य में प्रखंडों के पुनर्गठन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया प्रखंड के तीन पंचायत-ढोलबज्जा, खैरपुर कदवा एवं प्रतापनगर कदवा दियारा का प्रखण्ड मुख्यालय से सीधा सम्पर्क नहीं होने के कारण इन पंचायत के लोगों को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों पंचायतों को मिलाकर एक पृथक प्रखंड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का चौड़ीकरण

*263. श्री बिजय सिंह (बरारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत शिशिया पंचायत के सेमापुर पथ सिंगल लेन होने के कारण आये दिन जाम लगा रहता है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को कबतक चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण करना

*264. श्री संजय सरावगी (दरभंगा)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''एन0एच0आई0 का दावा जमीन मिले तो दो साल में तैयार हो जाएंगे राजमार्ग'' को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत 5 वर्षों में 58 में से 51 सड़क परियोजनाएँ अपने निर्धारित समय से काफी देर से पूरी हुई ;

(2) क्या यह बात सही है कि जमीन अधिग्रहण की समस्या एवं वन विभाग की मंजूरी मिलने में देरी के कारण राज्य की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएँ तय समय से पूरी नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्धारित समय में पूर्ण करने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

सड़क का निर्माण

*265. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (पिपरा, पूर्वी चंपारण)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के मेहसी प्रखंड अंतर्गत मंगड़ाही चकलहुरन रोड में बिजुल दास के घर से कोटिया हरिराम जानेवाली नहर किनारे वाली सड़क कच्ची है जिससे आमजनों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के पक्कीकरण निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना को मंजूरी देना

*266. श्री अजय कुमार सिंह (जमालपुर, मुंगेर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्य अभियंता, भागलपुर को खण्डविहारी बीयर योजना के Left and Right Channel का जीर्णोद्धार एवं पक्कीकरण का प्राक्कलन दिनांक 14 जुलाई, 2023 को भेजा गया है परंतु लगभग पौने दो साल बीत जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कृषि एवं किसान हित में आवश्यक इस योजना के कार्यान्वियन नहीं होने से उक्त इलाके के कृषकों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को मंजूरी देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*267. श्री अजीत शर्मा (भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जीरोमाईल से मिर्जा चौकी तक बन रहे एन0 एच0 80 में सात किलो मीटर तक बिजली पोल के शिफ्टिंग की समस्या के कारण कार्य अत्यंत धीमी गति से हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क में अवस्थित बिजली पोलों को कबतक शिफ्ट करते हुए एन0 एच0 80 का निर्माण तीव्र गति से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*268. श्री विनय कुमार (गुरूआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरूआ प्रखंड के मंडा पंचायत के ग्राम-बालूगंज के लोग सड़क की सुविधा नहीं रहने के कारण पगडंडियों के सहारे गांव में जाते हैं तथा वर्षा के दिनों में मरीजों को चारपाई के सहारे मुख्य सड़क तक लाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार बालूगंज गांव का सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बंडाल का निर्माण

*269. श्री छत्रपति यादव (खगड़िया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत खगड़िया प्रखण्ड के रहीमपुर दक्षिणी पंचायत स्थित मथार के नजदीक गंगा नदी में बंडाल का निर्माण अभी तक नहीं होने से मथार व अन्य गाँव नदी में डूबती जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक बंडाल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*270. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (बैकुंठपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लगभग 300 करोड़ के लागत से गोपालगंज जिला अन्तर्गत बैकुंठपुर विधान सभा के सत्तरघाट मुख्य मार्ग में गंडक नदी के ऊपर पुल का निर्माण कार्य किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के उद्घाटन के 30 दिन के बाद सम्पर्क पथ वर्ष 2020 में टूट गया था, जिससे लगभग 4 साल से आवागमन एवं परिवहन कार्य बाधित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि यह पथ चार जिलों को जोड़ने वाली महत्त्वपूर्ण पथ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित पथ को मरम्मती करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छिलका का निर्माण

*271. श्री राकेश कुमार रौशन (इस्लामपुर, नालन्दा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड के ग्राम-चुल्हन बिगहा गाँव के समीप वर्ष 2023-24 से छिलका का निर्माण कृषि कार्य से खेतों तक पानी पहुँचाने के लिए पैमार नदी में बनाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छिलका का निर्माण कार्य पिछले छः माह से बन्द पड़ा हुआ है तथा संवेदक एवं अभियंता भी निर्माण स्थल पर नहीं जा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छिलका के निर्माण करने वाले संवेदक एवं अभियन्ताओं पर कार्रवाई के साथ निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*272. श्री अमरजीत कुशवाहा (जीरादेई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अन्तर्गत मैरवा प्रखण्ड उत्तर प्रदेश बिहार को जोड़ने वाली स्याही नदी पुल से सकरा-नौकाटोला होते हुए पश्चिमी रेलवे ढाला तक सड़क काफी जर्जर स्थिति में है, जगह-जगह गड्ढा बन गया है जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*273. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (पातेपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखण्ड के नारीखुर्द पंचायत के श्रीराम चौक से ब्रह्मण टोला होते हुए जशपरहा चौक तक जाने वाली सड़क दशकों पुरानी एवं जर्जर है, जिसके कारण आमजनता का इस सड़क से आवागमन बंद हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*274. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड में नारायणपुर गांव से नारायणपुर सूर्य मंदिर तक जाने वाली सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लुईस गेट का निर्माण

*275. श्रीमती मीना कुमारी (बाबूबरही)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के लदनियाँ प्रखंड के एकहरी पंचायत अंतर्गत त्रिशुला नदी के किनारे हजारों एकड़ भूमि कृषि योग्य सिंचित भूमि है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस नदी के मार्ग में एकहरी पंचायत के भुतहा गांव के पास स्लुईस गेट नहीं रहने से किसान उक्त खेतों की सिंचाई नहीं कर पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*276. श्री तारकिशोर प्रसाद (कटिहार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 6.2 किलोमीटर लम्बा, गोविंदपुर चांपी हसनगंज विभागीय पथ का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण तथा आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कार्य नहीं होने के कारण आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ का सुदृढ़ीकरण, कालीकरण एवं पुल का निर्माण नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल सहित सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*277. श्रीमती मंजू अग्रवाल (शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड-आमस के ग्राम पंचायत-सावकला के ग्राम-पिंडरा नया पिच रोड से स्वास्थ्य उप-केन्द्र, पिंडरा होते हुए ग्राम-कोमलखाप तक एवं प्रखंड-आमस के ग्राम पंचायत-सावकला के ग्राम-पिंडरा में जी0 टी0 रोड से इमलिया स्थान होते हुए ग्राम-पिंडरा तक सड़क नहीं रहने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामीण सड़कों का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास का जीर्णोद्धार

*278. श्रीमती भागीरथी देवी (रामनगर)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर प्रखण्ड के पंचायत तौलाहा के ग्राम-सिगाढ़ी मुड़िला में वर्ष 1995 में 80 दलित परिवार को इंदिरा आवास का आवंटन हुआ था, जो अब जर्जर, खंडहर हो चुका है तथा बरसात के दिनों में प्लास्टीक का सहारा लेना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आवासों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*279. श्री आफाक आलम (कसबा, पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर परिषद् के दोगच्छी जाने वाले मदरसा चौक से पूरब कोसीधर स्क्रू पाईल पुल विगत 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पुल का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*280. श्री अजय यादव (अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत प्रखंड मोहड़ा में ग्राम-जमुनापुर, सोहाडी, नौडीहा, सीतारामपुर ग्रामों का कसवा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों में 5 वर्ष पहले सड़क का निर्माण कराया गया था सड़क के बीच मे किसानों के रैयती जमीन रहने के कारण सड़क अधूरा पड़ा हुआ है जिसके कारण ग्रामीण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को जोड़ने के लिए किसानों का रैयती जमीन खरीद कर सड़क निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डीप रिंग बोरिंग/बोरवेल की व्यवस्था

*281. श्री सतीश कुमार (मखदुमपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखुदमपुर प्रखण्ड के ग्राम-घराउत जो एक पहाड़ी क्षेत्र है जहाँ डीप रिंग बोरिंग/बोरवेल नहीं होने के कारण आस-पास की सैकड़ों एकड़ रैयती भूमि सिंचाई के अभाव में बंजर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्र में डीप रिंग बोरिंग/बोरवेल की व्यवस्था कर सिंचाई की सुदृढ़ व्यवस्था बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाद की निकासी

*282. श्री नारायण प्रसाद (नौतन)--स्थानीय दैनिक समचार-पत्र में दिनांक 16 मई, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''25 जिले, 24 नदियाँ 592 कि0मी0 तक गाद'' के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के 25 जिलों से होकर प्रवाहित हो रही 24 नदियाँ के 3166 कि0मी0 की दूरी में 592 कि0मी0 में गाद भरने के कारण पश्चिम चंपारण का चन्द्रावत, कोहडा, सिकराहना, बूढ़ी गंडक, बेगूसराय की बैती, मुजफ्फरपुर की बलान तथा सीतामढ़ी व दरभंगा की बूढ़ी गंडक मदी का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है जिस कारण इस क्षेत्रों में प्रतिवर्ष बाढ़ का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राज्य के पश्चिम चंपारण के बुढ़ी गंडक, चन्द्रावत, कोहडा, सिकराहना सहित अन्य नदियों से गाद को निकालने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*283. श्री कर्णजीत सिह उर्फ व्यास सिंह (दरौंदा)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत हसनपुरा प्रखण्ड एवं अंचल मुख्यालय में कार्यों का संपादन एक छोटे से भवन में विगत कई वर्षों से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थायी भवन नहीं होने एवं छोटा भवन होने से प्रखण्ड मुख्यालय के कार्यों को संपादित करने में काफी कठिनाइयाँ होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित प्रखण्ड एवं अंचल का स्थायी भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*284. श्री छोटे लाल राय (परसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड दरियापुर के ग्राम-विश्वभरपुर से सांझा पथ का 5 वर्ष पहले मरम्मती कार्य कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के ग्राम-पूर्णाडीह के हुकुम राय, गंगदयाल राय, अमेरिकन राय एवं अमरनाथ राय के घर के पास सड़क अतिक्रमण कर लगभग 150 फीट पथ अवरुद्ध कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कानूनी प्रक्रिया के तहत सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*285. श्री अखतरूल ईमान (अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बायसी के अधीन प्रखंड अमौर के सिमलबारी घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है इस घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों को 5 से 6 कि०मी० की दूरी को 30 से 35 कि०मी० दूरी में तय करनी पड़ती है जिससे आमजनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त धार पर पुल निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बाँध की मरम्मती

*286. श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के चोरहर पुल के पास स्थित बगजान जमींदारी बांध बाढ़ के कारण काफी क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण चोरहर पुल टूटने के कगार पर है, यदि हाँ, तो सरकार जमींदारी बाँध को कबतक मरम्मतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि उपलब्ध कराना

*287. श्री मुरारी मोहन झा (केवटी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वार्ड सदस्यों के अधिकार में कटौती के कारण वार्ड का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुखिया द्वारा मनमानी ढंग से रुपया खर्च करने के कारण किसी वार्ड में पूरे पंचायत की राशि खर्च कर दी जाती है तो किसी वार्ड में एक रुपया नहीं, जिस कारण अन्य वार्ड का विकास नहीं हो पा रहा हैं, जिससे आमजनों को परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वार्ड के समुचित विकास के लिये अनुमानित फण्ड रिलीज करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*288. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज ग्रामीण कार्य विभाग के मैनाटांड़ प्रखंड में बरवा-सहनौला मार्ग से विरहा नदी पार कर शेरवा गांव में जाने के लिये और सहनौला गांव से गिदहवा-कौड़ैना नदी पर पड़रीया जाने के लिये पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुलों के निर्माण नहीं होने से लगभग 30,000 की आबादी को आवागमन में करीब 15 कि०मी० अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, साथ ही किसानों को गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को नरकटियागंज चीनी मिल ले जाने में हजारों रुपया अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों जगहों पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क बनवाना

*289. श्री बीरेन्द्र सिंह (वजीरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड के ग्राम-टोठी महादलित टोला तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण वजीरगंज यमुनापुर रोड से टोठी महादलित टोला तक ही जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*290. श्री सुर्यकान्त पासवान (बखरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के एन०एच० 31 से बहदरपुर चौक तक एवं एन०एच०-31 से शाहपुर गांव की सड़क जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*291. श्री राम नारायण मंडल (बाँका)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बांका प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय आवासीय परिसर में चहारदीवारी नहीं रहने से प्रखंड एवं अंचल कार्यालय आने वाले आमजन एवं आवासीय परिसर में रहने वाले सरकारी कर्मियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय आवासीय परिसर में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*292. श्री प्रमोद कुमार (मोतिहारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी प्रखंड के टिकुलिया उ०म०वि० महादलित बस्ती झिरकदीया एवं सिरसा आदि स्थान पर बाढ़ के कारण पुल ध्वस्त होने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत उक्त स्थानों पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*293. श्री विजय कुमार (शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत चेवाड़ा प्रखंड के लोहान पंचायत के वंशीपुर महादलित टोला के समीप नाटी नदी में पुल का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है इस टोला के बच्चों को मात्र 1/2 कि०मी० की दूरी पर रहने के कारण जमुई जिला के छतिएनी (प्रा०वि०, म०वि० एवं उच्च वि०) पठन-पाठन हेतु एवं पंचायत में पड़ने वाले गाँवों के किसानों की जमीन नदी के उस पार पड़ने के कारण फसल बुआई एवं कटाई के समय में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक 253/2024, दिनांक 18 सितम्बर, 2024 को विभागीय मंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों को पत्र देने के बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खंड (1) में वर्णित स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## गाइड वॉल बनाना

*294. श्री ललित नारायण मंडल (सुलतानगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के सुलतानगंज प्रखंड के गनगनियाँ पंचायत में कमरगंज पुल से गनगनियाँ दुर्गास्थान तक गंगा के किनारे गाइड वॉल का निर्माण नहीं किया गया है जिससे उक्त पंचायत के हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर गाइड वॉल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## सड़क एवं पुलिया का निर्माण

*295. श्री आबिदुर रहमान (अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अंतर्गत जिलेबी चौक से झमटा जाने वाली पथ काफी जीर्ण-शीर्ण हो गया है एवं सड़क में बदुरबाड़ी वार्ड नं०-01, 02 के सीमा पर कलभर्ट क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क एवं पुलिया निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## सौन्दर्यीकरण करना

*296. श्री अचमित ऋषिदेव (रानीगंज, अररिया)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत परिहारी के राजस्व मौजा गोपालगंज में खाता नं०-508, खेसरा नं०-1353, 656,650, रकबा 16 एकड़ 89 डिसमिल में बिहार सरकार की जमीन पर हाहा जलकर के नाम से एक बड़ा चौर है जिसका अबतक सौन्दर्यीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चौर का सौन्दर्यीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*297. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (बैसी )--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बायसी प्रखंड के चरैया एन०एच० 31 से घुसकी टोला सठियारा होते हुये मडवा जाने वाली सड़क पूर्णियाँ मोड़ से अमीरगंज कुर्बान चौक होते हुये मालोपाड़ा ग्रामीण सड़कों पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर सड़क को बाधित कर दिया गया है जिसके कारण आमजनों को काफी कठिनाई होती है तथा ट्रैफिक जाम हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर अतिक्रमण से मुक्त कर आवागमन चालू कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुरक्षा दीवार का निर्माण

*298. श्री अरूण सिंह (काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत राजपुर संझौली पथ में चैता नर्वद के समीप भोजपुर राजवाहा पर नाबार्ड सम्पोषित पुल का निर्माण सहित एप्रोच पथ का निर्माण कार्य संपन्न कर आवागमन चालू है, परन्तु पुल की ऊँचाई अत्यधिक होने के कारण एप्रोच पथ का मिट्टी बरसात के दिनों में कट रहा है, जिससे एप्रोच पथ टूटता जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के सुरक्षा हेतु पुल के दोनों तरफ आगे एवं पीछे आर०सी०सी० सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मिट्टी भरवाना

*299. श्री राजेश कुमार सिंह (हथुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोहिउद्दीननगर अंचल के ग्राम-बोचहा पतसिया वाटर वेज बाँध पर बसे भूमिहीन 67 परिवारों को वासगीत पर्चा दी गयी है जो लगभग 15-20 फीट गड्ढानुमा है जिसमें जल-जमाव रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भूमि में बिना मिट्टी भराई किये हुये पर्चाधारी द्वारा आवास निर्माण करना संभव नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 67 परिवारों के वासगीत पर्चा प्राप्त भूमि में मिट्टी भरवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना:
दिनांक 05 मार्च, 2025 (ई०) ।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० 78(एल०ए०), 2024-25-डी०टी०पी०-550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2025